प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 20 अप्रैल, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज लोक भवन, राँची में वेद, पुराण, साहित्य, साहित्यशास्त्र, व्याकरण, दर्शन, ज्योतिष एवं भारतीय संस्कृति आदि विविध विषयों पर विषय-विशेषज्ञ मूर्धन्य विद्वानों के शोध-आलेखों के उत्कृष्ट संग्रह 'वैशारदी' (प्रो॰ नन्हूक राम दूबे स्मृतिग्रंथ) का लोकार्पण किया।

राज्यपाल महोदय ने इस महत्वपूर्ण कृति के प्रकाशन हेतु संपादकमंडल को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे स्मृतिग्रंथ भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उक्त स्मृतिग्रंथ के संपादकमंडल में डॉ॰ नमिता सिंह, डॉ॰ कंजीव लोचन, डॉ॰ शैलेश कुमार मिश्र, डॉ॰ धनंजय वासुदेव द्विवेदी तथा श्री गौरीनन्दन द्विवेदी सम्मिलित हैं।

इस अवसर पर माननीय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ॰ नितिन कुलकर्णी, डॉ॰ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति प्रो॰ राजीव मनोहर सहित विभिन्न शिक्षाविद उपस्थित थे।